दिनांक- 06.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 148/26

# महोबा पुलिस

## आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, 05 परीक्षा केन्द्रों पर रिहर्सल एवं व्यापक ब्रीफिंग आयोजित।

आज दिनांक 06.06.2026 को जनपद महोबा में प्रस्तावित आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 को पूर्णतः सुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी श्री कुंवर पंकज द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के 05 निर्धारित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर रिहर्सल एवं विस्तृत ब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर तैनात समस्त मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य संबंधित स्टाफ को परीक्षा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**ब्रीफिंग के दौरान निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया-**

- अभ्यर्थियों की सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन जांच (फ्रिस्किंग) निर्धारित मानकों के अनुरूप की जाए।
- परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर सतत निगरानी रखी जाए।
- सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए।
- किसी भी प्रकार की नकल, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा अवांछनीय गतिविधियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए।
- परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु समुचित प्रबंध किए जाएं तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए।
- आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु पूर्व से ही आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाएं।





महोबा पुलिस

दिनांक- 06.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 149/26

# “महोबा पुलिस द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, पुलिस परिवार के बच्चों को उच्च शिक्षा के प्रति किया प्रेरित”

पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के जी.एस.ओ. आदेश पत्र संख्या डी0जी0-12-(मेधावी सम्मान)04/2026, दिनांक 30 मई 2026 के अनुपालन में तथा पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 06 जून 2026, को रिजर्व पुलिस लाइन, महोबा में वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) के तत्वावधान में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी अपराध श्री गौरव उपाध्याय द्वारा मेधावी छात्र श्री शिवा (पुत्र श्री जितेंद्र सिंह, आरक्षी चालक) को प्रशस्ति पत्र एवं पुलिस सम्मान चिन्ह कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन सभागार में उपस्थित पुलिस परिवारों के बच्चों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अनुबंधित कोचिंग संस्थानों के संचालन एवं उनसे प्राप्त होने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मार्गदर्शन मिल सके।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक, मेधावी बच्चों के अभिभावकगण एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस परिवार के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।





दिनांक- 06.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 150/26

# महोबा पुलिस

## ❖ मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

## ❖ महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महोबा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।
- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।
- साथ ही वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं OTP साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।





दिनांक- 06.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 151/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर- थाना कबरई

## थाना कबरई पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर महोबा श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

थानाध्यक्ष थाना कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित पुलिस टीम, जिसमें उ0नि0 आकाश मौर्य व रि0आ0 किशन कुमार शामिल रहे, द्वारा आज दिनांक 06.06.2026 को 01 नफर वारण्टी अभियुक्त बाबू शाह पुत्र अशरफ अली, उम्र लगभग 45 वर्ष, निवासी ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया।

उक्त अभियुक्त के विरुद्ध केश नं0 869/16 व अ0स0 412/15 धारा 325, 323, 504, 506 भादवि थाना कबरई जनपद महोबा से संबंधित माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, महोबा द्वारा एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को ग्राम सुरहा थाना कबरई से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तः**

बाबू शाह पुत्र अशरफ अली, उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः**

1. उ0नि0 आकाश मौर्य, थाना कबरई जनपद महोबा
2. रि0आ0 किशन कुमार, थाना कबरई जनपद महोबा



# महोबा पुलिस

दिनांक- 06.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 152/26

### सर्किल नगर- थाना खन्ना

## थाना खन्ना पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर महोबा श्री अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना जनपद महोबा श्री अर्जुन सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 06.06.2026 को उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराह हे0का0 मो0 हक द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त कल्लू पुत्र रामआसरे, उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी ग्राम तिन्दुही थाना खन्ना जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया।

उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 1576/10 धारा 323, 504, 506, 325 भादवि के अंतर्गत वारंट लंबित था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को उसके घर ग्राम तिन्दुही थाना खन्ना से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:

कल्लू पुत्र रामआसरे, उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम तिन्दुही थाना खन्ना जनपद महोबा

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:

1. उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह, थाना खन्ना जनपद महोबा
2. हे0का0 मो0 हक, थाना खन्ना जनपद महोबा



दिनांक- 06.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 153/26

# महोबा पुलिस

## आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा।

आरक्षी भर्ती परीक्षा–2025 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद महोबा में प्रशासन एवं पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। इसी क्रम में आज दिनांक 06.06.2026 को जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा आगामी दिनांक 08, 09 एवं 10 जून 2026 को आयोजित होने वाली परीक्षा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का संयुक्त रूप से भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा डीएवी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं मुकुंद लाल राजकीय इंटर कॉलेज सहित अन्य नामित परीक्षा केन्द्रों का गहनता से अवलोकन किया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश हेतु बनाए गए गेट प्लान, बैरिकेडिंग व्यवस्था, अभ्यर्थियों की चरणबद्ध एंट्री एवं भीड़ नियंत्रण के उपायों का बारीकी से परीक्षण किया गया।

अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था तथा संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग व्यवस्था—जैसे मेटल डिटेक्टर, हैंड-हेल्ड स्कैनिंग एवं संदिग्ध वस्तुओं पर रोक—को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, छाया व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का भी सूक्ष्म निरीक्षण किया गया, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

ड्यूटी में तैनात पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट्स को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता, अव्यवस्था अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से कठोर एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो सके।

जनपद महोबा प्रशासन एवं पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2025 को पूर्ण पारदर्शिता, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराने हेतु प्रतिबद्ध है।



